आमरण अनशनपर बैठे चार छात्रोंकी तबीयत बिगड़ी, अस्पतालमें भर्ती

प्रशासनसे वार्ता बेनतीजा, आंदोलन तेज करनेकी चेतावनी

इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्रों की विभिन्न मांगों को लेकर चल रहा आंदोलन गुरुवार को भी जारी रहा। आमरण अनशन पर बैठे चार छात्रों की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बावजूद



आंदोलनकारी छात्रों ने मांगों के पूरा होने तक धरना और अनशन जारी रखने का एलान किया है।

विश्वविद्यालय प्रशासन और जिला प्रशासन की मौजूदगी में गुरुवार को आंदोलनकारी छात्रों के साथ वार्ता हुई। छात्रों ने अपनी मांगें प्रशासन के सामने रखीं, लेकिन मांगों को लेकर सहमति नहीं बन सकी। इसके बाद छात्रों ने आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया।

इसी बीच रोहित यादव भी आमरण अनशन में शामिल हो गए। पहले से अनशन पर बैठे अमित यादव, रोशन, राकेश और ऋषि की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। वर्तमान में आयुष महात्मा, आशुतोष मौर्य और रोहित यादव अनशन स्थल पर डटे हैं। आंदोलनकारी छात्रों का कहना है कि अनशनकारियों की तबीयत बिगड़ने के बावजूद उनकी मांगों के समाधान के लिए ठोस पहल नहीं की गई है। छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा और बड़ी संख्या में छात्र भूख हड़ताल पर बैठेंगे। बतादें कि सीनेट परिसर स्थित मुख्य द्वार पर मंगलवार को प्रदर्शन करते हुए कुलसचिव की गाड़ी रोकने में मामले में आंदोलनरत छात्रों के खिलाफ कर्नलगंज थाना में एफआईआर दर्ज किया गया है। एफआईआर में गौरवन कुमार, आशुतोष मौर्य, अनुराग यादव, प्रियांशु भुरतिया, आयुष यादव, अमित यादव, रोशन कुमार, राकेश कुमार और ऋषिकेश को नामजद किया गया है। इसके अलावा कुछ अज्ञात भी हैं। इस मामले में कर्नलगंज पुलिस जांच कर रही है।

भारतीय पायलटके धैर्य, सूझबूझकी प्रमोद तिवारीने की सराहना

इजराइल जाने वाले विमान के भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मछार ने जिस तरह से धैर्य, साहस और जूनबूझ का परिचय देते हुये विपरीत परिस्थिति में भी अपने जीवन की परवाह न करते हुये विमान में सवार लगभग १९० यात्रियों के जीवन की रक्षा की, उनके इस अद्वितीय पराक्रम के लिये प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता राज्य सभा ने उन्हें 'सैल्यूट' करते हुए हृदय की गहराइयों से उनके प्रति आदर व्यक्त किया और सराहना करते हुए कहा कि कैप्टन स्मित मछार अपने शरीर पर चाकू के वार झेलते रहे, उनके शरीर से खून की धारा बहती रही किन्तु वे तनिक भी विचलित नहीं हुये। वहीं दूसरी ओर श्री तिवारी ने कहा है कि आज एक बार फिर कामर्शियल गैस के प्रति सिलेण्डर पर रुपये बासठ रुपये पचास पैसे की बढ़ोतरी 'मोदी सरकार' द्वारा की गयी है। पहले से ही महंगाई के बोझ तले दबी देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महंगाई का नया-नया तोहफा देते रहते हैं। श्री तिवारी ने कहा है कि मोदी जी ने देश की जनता से महंगाई कम करने का वायदा किया था किन्तु कर रहे हैं ठीक उसके उलटे । गरीब लोगों की जेब से पैसा निकाल कर अपने 'चन्द' पूंजीपति मित्रों की तिजोरी भर रहे हैं

आशा कार्यकर्त्रियां घर-घर जाकर मरीजोंको करेंगी चिन्हित

स्वास्थ्य विभागका संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान शुरू, ३१ तक चलेगा

जनपद में संचारी बीमारियों की रोकथाम एवं आम जनता को जागरूक करने के लिए गुरुवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान (तृतीय चरण) की शुरुआत हो गयी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपर निदेशक डा.राजेश कुमार एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अरूण कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर फागिग, सैनिटाइजेशन एवं एंटीलार्वा छिड़काव वाले वाहनों को रवाना किया। जिला मलेरिया अधिकारी आनंद कुमार सिंह के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में बताया गया कि यह अभियान पूरे



माह तक चलेगा। विशेष दस्तक १२ अक्टूबर से ३१ अक्टूबर तक संचालित किया जायेगा। अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ने संचारी रोगों को रोंकने के लिए की जा रही विभागीय तैयारियों एवं प्रगति की जानकारी साझा की। वहीं सीएमओ डा.एके तिवारी ने इस पूरे अभियान में स्वास्थ्य विभाग की अहम भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य सहयोगी विभाग, आशा, आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को घर-घर जाकर बुखार, डेंगू, मलेरिया, स्क्रब टाइफस, लेप्टोस्पायरोसिस, टीबी के मरीजों का चिन्हीकरण एवं प्रचार प्रसार के माध्यम से बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया जायेगा।

अतिसंवेदनशील इलाकोंपर रहेगी विशेष नजर

संचारी कार्येक्रम के नोडल डा. केके मिश्रा के अनुसार जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के अतिसंवेदनशील इलाकों में संचारी रोगों के फैलाव को रोकने के लिए विशेष खाका तैयार किया गया है। इसके लिए नगर निगम, पंचायतीराज से समन्वय बनाकर फागिंग एवं सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

टीजीटी-पीजीटी भर्तीमें अभ्यर्थियोंको 'एक मौका' देनेका इतंजार

टीजीटी-पीजीटी भर्ती २०२६ को लेकर अभ्यर्थियों को 'एक मौका' देने का इंतजार है, लेकिन अभी तक माध्यमिक शिक्षामंत्री की ओर से इस संबंध में कोई निर्णय न लिये जाने से अभ्यर्थियों में रोष है।

बता दें कि बीते दिनों टीजीटी-पीजीटी में पुरानी नियमावली और पुराने पैटर्न के आधार पर अभ्यर्थियों ने करीब १९ दिन तक धरना और अनशन किया था। जिसे गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माध्यमिक शिक्षा मंत्री से अभ्यर्थियों को 'एक मौका' दिये जाने की बात कही थी पर अभी तक ऐसा मौका उन्हें नहीं मिला। मांगों के संबंध में युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह ने मुख्यमंत्री से तत्काल ठोस कारवाई करने की मांग की है। अनिल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंत्री को निर्देश दिए गए थे कि एनसीटीई से पत्राचार कर ऐसे अभ्यर्थियों के लिए एक अवसर या व्यवस्था बनाने का रास्ता निकाला जाए, जो नियमों में हुए बदलाव के कारण आगामी भर्ती प्रक्रिया में प्रभावित हो सकते हैं। मुख्यमंत्री के इस निर्देश की सार्वजनिक रूप से भी रिपोर्टिंग हुई थी। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी लंबे समय से टीजीटी-पीजीटी भर्ती का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में केवल आश्वासन तक सीमित न रहते हुए संबंधित विभागों एवं आयोग के स्तर से शीघ्र ठोस निणन्य और स्पष्ट आदेश जारी किया जाना आवश्यक है।

इविवि की शिक्षिकाका मोबाइल नंबर हैक कर ४०० लोगोंसे मांगे रुपये

नाम और फोटोसे बनाया फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट, दो लोगोंसे रकम भी ऐंठी

इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) की शिक्षिका डा. रितु मोदी का मोबाइल नंबर हैक कर उनके नाम और फोटो का इस्तेमाल करते हुए फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बनाने का मामला सामने आया है। जालसाज ने फर्जी अकाउंट के जरिए इविवि के शिक्षकों, कर्मचारियों, छात्रों और अन्य परिचितों समेत करीब ३०० से ४०० लोगों को संदेश भेजकर रुपये मांगे। अब तक दो लोगों से रकम ऐंठे जाने की जानकारी सामने आई है। कर्नलगंज पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डाक्टर रितु मोदी ने पुलिस को दी तहरीर में बतायाकि २८ सितंबर को उनका मोबाइल नंबर हैक कर लिया गया। इसके बाद जालसाज ने उनके नाम और फोटो का इस्तेमाल करते हुए अलग व्हाट्सएप अकाउंट बनाया और परिचितों को संदेश भेजने शुरू कर दिए। संदेश में अलग-अलग कारण बताते हुए पैसों की मांग की गई। कुछ लोगों ने इसे शिक्षिका का संदेश समझकर रकम भी भेज दा मामले की जानकारी होने पर शिक्षिका ने कर्नलगंज पुलिस से शिकायत की। तहरीर के साथ फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट से भेजे गए संदेशों की प्रतियां भी साक्ष्य के तौर पर पुलिस को उपलब्ध कराई गई हैं। शिक्षिका का कहना है कि उनकी जानकारी में अब तक दो लोगों से उनके नाम पर भुगतान कराया जा चुका है।

कर्नलगंज थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। रकम भेजने वाले खातों, फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट और भेजे गए संदेशों की जानकारी जुटाई जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर जालसाज की पहचान कर आगे की कारवाई की जाएगी।

महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्रीकी जयन्ती आज

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती पर दो अक्तूबर शुक्रवार को नगर में विविध कार्यक्रम होंगे। कायस्थ पाठशाला के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह अपने समर्थकों के साथ पूर्व प्रधान मंत्री एवम राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर दो अक्तूबर शुक्रवार को पूर्वान्ह १० बजे मेडिकल चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। यह जानकारी प्रवक्ता कायस्थ पाठशाला अनिल कुमार श्रीवास्तव ने दी है।

वहीं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती की पूर्व संध्या पर मेडिकल चौराहे स्थित स्वर्गीय शास्त्री की प्रतिमा की साफ -सफाई की गयी। केपी ट्रस्ट के उपाध्यक्ष, सपा अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव शौर्य दीप सचिन श्रीवास्तव ने आज प्रतिमा को गंगाजल से धोया एवं साफ-सफाई करके जयंती मनाने की तैयारियां की।

'एक घंटा, एक दिन, एक साथ' किया वृहद श्रमदान



स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी और सहभागिता की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय, सूबेदारगंज में महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह के निर्देशानुसार 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा-२०२६' के अंतर्गत 'एक घंटा, एक दिन, एक साथ' अभियान के तहत वृहद श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्यालय परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एकजुट होकर श्रमदान किया और स्वच्छता का संदेश दिया।

अपर महाप्रबंधक राजकुमार वानखेड़े ने कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर अनिल कुमार द्विवेदी सहित अन्य प्रधान विभागाध्यक्षों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रमदान में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मुख्य पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधक के समन्वयन में पर्यावरण अनुभाग द्वारा द्वारा आयोजित श्रमदान के दौरान मुख्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा कुल २५० किलोग्राम कचरा एकत्रित करके निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उचित निस्तारण किया गया। अपर महाप्रबंधक राजकुमार वानखेड़े ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक अभियान तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि इसे दैनिक कार्यप्रणाली एवं व्यवहार का हिस्सा बनाया जाना आवश्यक है। सामूहिक सहभागिता के माध्यम से स्वच्छ एवं स्वस्थ कार्य वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है।

युवतीसे अभद्रताका विरोध करनेपर युवकको पीटा

कारसे आये थे आरोपित, दो नामजद एवं चार अज्ञातपर मुकदमा

जार्जटाउन थाना क्षेत्र में नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी में युवती से अभद्रता का विरोध करने पर युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि संदीप मिश्रा, शुभम मिश्रा समेत चार अज्ञात लोग सफेद रंग की कार से पहुंचे और युवती के साथ अभद्र व्यवहार करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने उसके साथ मौजूद युवक को पीट दिया। युवती उसे बचाने के लिए दौड़ीं तो आरोपितों ने उन्हें भी धक्का देकर गिरा दिया। घटना की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गयी।

जार्जटाउन थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपित संदीप मिश्रा और शुभम मिश्रा पिछले कुछ महीनों से युवती को परेशान कर रहे थे। आरोप है कि वे छेड़छाड़ करने के साथ मारपीट की धमकी भी देते थे। २९ सितंबर को युवती और एक युवक नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी जॉर्ज टाउन में खड़े थे। तभी संदीप मिश्रा, शुभम मिश्रा और चार अन्य लोग सफेद रंग की कार से वहां पहुंचे। आरोप है कि आरोपित युवती से अभद्र व्यवहार करने लगे। विरोध करने पर शुभम मिश्रा और संदीप मिश्रा ने उसके साथ मौजूद युवक के साथ मारपीट शुरू कर दी। युवक को बचाने के लिए युवती दौड़ीं तो आरोपितों ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया। तहरीर के अनुसार, संदीप मिश्रा ने युवक के साथ भी मारपीट की। आरोपित जाते समय धमकी देकर बोले कि इस बार बच गए, अगली बार जान से मार देंगे। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि पूरी घटना लाइब्रेरी में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हुई है। जार्जटाउन पुलिस मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच कर रही है।

वक्फ की जमीन बेटेके नाम करनेमें पिता-पुत्रपर मुकदमा

ईदगाह के रूप में दर्ज संपत्ति हड़पने की साजिश, गलत हलफनामा एवं कूटरचित दस्तावेज से कराया दानपत्र

कोतवाली थाना क्षेत्र में ईदगाह के रूप में दर्ज वक्फ संपत्ति को बेटे के नाम दान करने के आरोप में पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि वक्फ संपत्ति हड़पने के उद्देश्य से गलत हलफनामा और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर पंजीकृत दानपत्र कराया गया। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करेलाबाग निवासी निसार अहमद वक्फ संख्या ३०५८ की इंतजामिया कमेटी के सचिव हैं। पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शहराराबाग की आराजी संख्या ४२ में नौ बिस्वा भूमि वर्ष १९८६ से ईदगाह के रूप में दर्ज है। नगर निगम के अभिलेखों में भी यह संपत्ति १७/१७ चारू चंद्र मित्रा रोड पर ईदगाह के रूप में दर्ज होने का दावा किया गया है। आरोप है कि मोहम्मद शोएब फारूकी ने संपत्ति अपने बेटे उमर फारूकी के नाम २४ सितंबर २०२२ को पंजीकृत दानपत्र के जरिये कर दी। यह दानपत्र सदर उपनिबंधक कार्यालय में बही संख्या एक, जिल्द संख्या ७४४२ के पृष्ठ ४७ से ६६ तक क्रमांक ८१५१ पर दर्ज है। आरोप है कि उन्होंने १६ मार्च २०२६ को पुलिस आयुक्त को प्रार्थना पत्र देकर दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने और दानपत्र निरस्त कराने की मांग की थी। मामला कोतवाली पुलिस को भेजा गया। पुलिस ने १६ अप्रैल को जांच के बाद इसे संपत्ति विवाद बताते हुए राजस्व विभाग और सिविल न्यायालय जाने की सलाह दी था। संबंधित भूमि वक्फ गजट, नगर निगम और वक्फ बोर्ड के अभिलेखों में लंबे समय से ईदगाह के रूप में दर्ज है। आरोप लगाया कि पिता-पुत्र ने साजिश के तहत आर्थिक लाभ के लिए गलत हलफनामा और कूटरचित दस्तावेज के आधार पर दानपत्र कराया। न्यायालय के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ओवर हेड टैंकोंमें क्लोरीनकी मात्रा एवं गुणवत्ताकी करें जांच, दूषित न हो पानी

नगर पंचायतों में जितने भी ओवर हेड टैंक हैं, उनमें क्लोरीन की मात्रा की जांच करें और पानी दूषित न होने पाये। यह निर्देश गुरुवार को मंडलायुक्त डा. लोकेश एम ने मंडल के सभी जिलों के नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों के साथ सफाई व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में स्वच्छता, कूड़ा प्रबंधन, पेयजल, जल निकासी, कर-करेतर राजस्व एवं जनसुविधाओं को लेकर समयबद्ध कारवाई के निर्देश दिये। बैठक में सर्वप्रथम मंडलायुक्त ने सभी नगर पंचायतों में ब्लैक स्पाट्स का चिन्हांकन कर दो अक्तूबर तक आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही तीन अक्तूबर सुबह तक प्रत्येक नगर पंचायत में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण के लिए उपलब्ध वाहनों की संख्या, प्रत्येक वार्ड से नियमित कूड़ा उठान तथा कूड़े के पृथक्करण की स्थिति की जांच कराते हुए मटीरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) में सूखे एवं गीले कचरे के पृथक्करण सहित पूरी प्रक्रिया की फोटो सहित आख्या उपलब्ध कराने को कहा।

जया पाल, पूजा बिंद बनीं ओबीसी मोर्चाकी प्रदेश मंत्री

अनीता सिंहको महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्रीकी कमान

भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने गुरुवार को संगठन के विभिन्न मोर्चों की प्रदेश टीम की घोषणा कर दी। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा (ओबीसी मोर्चा) में स्वर्गीय उमेश पाल की पत्नी श्रीमती जया पाल एवं नैनी की श्रीमती पूजा बिंद व को प्रदेश मंत्री का दायित्व दिया गया है। वहीं महिला मोर्चा की प्रदेश टीम में प्रयागराज की निवासी पूर्व सदस्य राज्य महिला आयोग अनीता सिंह को प्रदेश महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई। भाजपा प्रदेश संगठन ने प्रयागराज की कई महिला नेत्रियों को विभिन्न मोर्चों में बड़ी जिम्मेदारी दी है।ओबीसी मोर्चा की प्रदेश टीम में जगह बनाने वालीं पूजा बिंद इससे पहले प्रांतीय परिषद व संगठन के विभिन्न अभियानों में सक्रिय भागीदारी कर चुकी हैं। स्वर्गीय उमेश पाल की पत्नी जया पाल पिछले कई महीनों से संगठन में सक्रिय भूमिका में हैं। जिसको देखते हुए और जातीय समीकरण को साधते हुए उन्हें ओबीसी मोर्चा में प्रदेश टीम में स्थान मिला। महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री अनीता सिंह इससे पहले राज्य महिला आयोग की सदस्य व महिला मोर्चा काशी क्षेत्र अध्यक्ष के पद पर रह चुकी हैं। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो दायित्व दिया है उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी निष्ठा से किया जाएगा। इसके अलाला काशी क्षेत्र अनुसूचित मोर्चा के उपाध्यक्ष कमलेश जाटव को मोर्चा का प्रदेश महामंत्री,राजेश गोंड अनुसूचित जनजाति मोर्चा के महानगर अध्यक्ष को प्रदेश कार्यालय मंत्री अनुसूचित जनजाति मोर्चा बनाया गया है। बाबूलाल भंवरा को अनुसूचित मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है।भाजपा काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, ओबीसी मोर्चा महानगर प्रभारी मनोज कुशवाहा, डा. शैलेश पांडेय, विक्रमजीत सिंह भदौरिया, आनंद सोनकर, अनुज कुशवाहा, विजय श्रीवास्तव, अजय सिंह, विवेक मिश्रा, पवन श्रीवास्तव, अनिल केसरवानी, प्रमोद मोदी, आनंद जायसवाल आदि ने बधाई दी।

यूपी बोर्ड: कक्षा नौ से १२ तकके छात्र विवरणोंमें संशोधनका मौका

माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश (यूपी बोर्ड) ने शैक्षणिक सत्र २०२६-२७ के कक्षा ९ एवं ११ के छात्र-छात्राओं और परीक्षा वर्ष २०२७ के हाईस्कूल (१०वी) एवं इंटरमीडिएट १२वीं के छात्र-छात्राओं के विवरणों की जांच एवं संशोधन का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। परिषद के सचिव भगवती सिंह द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार ३० सितंबर २०२६ तक सभी संस्थागत एवं व्यक्तिगत विद्यार्थियों के शैक्षणिक विवरण बोर्ड के पोर्टल पर अरनलाइन अपलोड कराए जा चुके हैं। अब विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को विवरणों की भली-भांति जांच करने और आवश्यकता अनुसार संशोधन करने का अवसर दिया गया है। कक्षा १०वीं और १२वीं की जांच और संशोधन अवधि ०१ अक्तूबर से ०६ अक्तूबर २०२६ (मध्यरात्रि १२ बजे तक) रहेगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य परिषद के पोर्टल से विद्यार्थियों की चेकलिस्ट डाउनलोड कर विवरणों का मिलान करेंगे। इस अवधि के दौरान चेकलिस्ट की जांच और आवश्यक संशोधन/अपडेट की कार्यवाही साथ-साथ की जा सकेगी।

इसी तरह कक्षा ९वीं और ११वीं के लिए चेकलिस्ट जांच अवधि ०१ अक्तूबर से ०६ अक्तूबर तक विद्यालय के प्रधान केवल चेकलिस्ट प्राप्त कर विवरणों का सत्यापन करेंगे। इस दौरान विवरणों में किसी भी प्रकार का संशोधन प्रतिबंधित रहेगा। यदि किसी विवरण में त्रुटि पाई जाती है, तो उसमें सुधार ०५ अक्तूबर से ०८ अक्तूबर २०२६ (मध्यरात्रि १२ बजे बजे तक) किया जा सकेगा। बोर्ड ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों और संबंधित अधिकारियों को इस प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने के निर्देश दिए हैं ताकि भविष्य में विद्यार्थियों के अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र में किसी भी तरह की त्रुटि न रहे। किसी भी तकनीकी समस्या या जानकारी के लिए विद्यालय परिषद की आधिकारिक वेबसाइट (upmsp.edu.in) या जारी हेल्प लाइन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।

डीएलएड २०२६: तीसरे चरणकी काउंसलिंगमें छूटे अभ्यर्थियोंको अंतिम मौका

उत्तर प्रदेश परीक्षा नियामक प्राधिकारी ने डीएलएड (बीटीसी) प्रशिक्षण सत्र २०२६ में प्रवेश के लिए तीसरे चरण (फेज-३) की काउंसलिंग एवं प्रवेश का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। जिन अभ्यर्थियों को पूर्व चरणों में संस्थान आवंटित नहीं हो सका था, उन्हें मेरिट के आधार पर विकल्प भरने और प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने का यह आखिरी अवसर दिया गया है। जारी विज्ञप्ति के अनुसार, स्टेट रैंक १ से १,५२,२०२ तक के वे सभी अभ्यर्थी जिन्हें अब तक कोई कॉलेज आवंटित नहीं हुआ है, वह पांच अक्तूबर की दोपहर से सात अवतूबर की शाम छह बजे तक पांच हजार रुपये का आनलाइन अग्रिम भुगतान कर सकते हैं। संस्थान के चयन की प्रक्रिया भी पांच अक्तूबर से सात अवतूबर तक आधिकारिक वेबसाइट https://updeled.gov.in पर पूरी की जाएगी। संस्था आवंटन परिणाम आठ अक्तूबर को जारी किया जाएगा।

साथ ही आवंटित कालेज में अभिलेखीय जांच कराकर प्रवेश लेने की अवधि नौ अक्तूबर से १४ अक्तूबर (शाम पांच बजे तक) तय की गई है। संबंधित प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों की आनलाइन रिपोर्ट/लाक करने की अंतिम तिथि १५ अक्तूबर निर्धारित है। तय तिथि तक आनलाइन लाक न किए जाने पर प्रवेश मान्य नहीं होगा। परीक्षा नियामक प्राधिकारी सचिव राजेन्द्र प्रताप की ओर से स्पष्ट किया गया है कि आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को अवसर दिए जाने के बाद भी यदि आरक्षित सीटें रिक्त रह जाती हैं, तो उन्हें अनारक्षित सीटों में परिवर्तित कर दिया गया है। अभ्यर्थी विकल्प भरने और अभिलेखीय जांच से पूर्व वेबसाइट पर उपलब्ध शासनादेश एवं दिशा-निर्देशों का अध्ययन कर लें।

जोन छहमें अवैध प्लाटिंगपर चला बुलडोजर

पीडीए के जोनल अधिकारी गौरव कुमार मल्ल के नेतृत्व में गुरुवार को जोन-छह में अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कारवाई की गयी। जोनल अधिकारी के अनुसार थरवई स्थित पड़िला महादेव मंदिर के समीप कालीरोड पर गंगा राम वर्मा एवं अन्य द्वारा करीब सात हजार वर्गमीटर में की गयी अवैध प्लाटिंग को बुल्डोजर से ध्वस्त कर दिया गया। प्राधिकरण द्वारा लगातार अवैध निर्माण या अवैध प्लाटिंग करनेवालों के खिलाफ कारवाई जारी रहेगी। इसलिए ऐसे लोग प्रयागराज विकास प्राधिकरण क्षेत्र से नक्शा पास कराकर ही निर्माण कार्य करायें। साथ ही अन्य लोग भी किसी भी अवैध कालोनी, मेला क्षेत्र एवं बाढ़ क्षेत्र में भूखण्डों का क्रय विक्रय न करें। कारवाई में अवर अभियंता ई. सोनू कुमार राजभर, सुपरवाईजर एवं पीडीए प्रवर्तन टीम आदि मौजूद रहे।

ब्लैक फिल्म लगी लग्जरी गाड़ियोंपर पुलिसका शिकंजा

एडिशनल सीपी सात एसीपी के साथ सड़कपर उतरे, ८० वाहनोंका चालान

सिविल लाइंस में ब्लैक फिल्म लगी लग्जरी गाड़ियों के खिलाफ पुलिस ने बृहस्पतिवार शाम विशेष अभियान चलाया। एडिशनल सीपी लॉ एंड ऑर्डर डॉ. अजयपाल शर्मा सात एसीपी के साथ खुद सड़क पर उतरे। करीब १० प्रमुख चौराहों पर एक साथ चेकिंग शुरू होने से ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों के चालकों में खलबली मच गई। दो घंटे के अभियान में ९७ चार पहिया वाहनों से ब्लैक फिल्म उतरवाई गयी। ८० वाहनों का चालान किया गया। कई गाड़ियों के शीशों से मौके पर ही ब्लैक फिल्म उतरवाया गया। सुभाष चौराहा, हॉट स्टफ, एकलव्य, पत्थर गिरजाघर, यात्रिक समेत करीब १० चौराहों पर पुलिस की टीमें तैनात रहीं। पुलिस ने विशेष रूप से काली फिल्म लगे वाहनों को रोककर जांच की। कुछ वाहन चालकों ने पुलिस को देखकर निकलने का प्रयास किया, लेकिन टीमों ने उन्हें रोक लिया। जांच के बाद शीशों से फिल्म उतरवाई गई और यातायात नियमों के तहत चालान किया गया। पुलिस अधिकारियों को इनपुट मिला था कि शाम के समय कुछ संदिग्ध लोग ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों से सिविल लाइंस में घूमते हैं। काली फिल्म के कारण वाहन के अंदर बैठे लोगों की पहचान मुश्किल होती है। ऐसी कुछ गाड़ियों में सवार लोगों के रोड रेज और मारपीट जैसी घटनाओं में शामिल होने की भी जानकारी पुलिस को मिली थी। इसके बाद शाम के समय विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एडिशनल सीपी डॉ. अजयपाल शर्मा ने खुद अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर चेकिंग का जायजा लिया। एसीपी सिविल लाइंस विद्युत गोयल, इंस्पेक्टर सिविल लाइंस रामाश्रय यादव और टीआई मनोज कुमार सिंह समेत पुलिसकर्मी अभियान में शामिल रहे। पुलिस ने वाहन चालकों को चेतावनी दी कि दोबारा ब्लैक फिल्म लगाकर वाहन चलाते मिले तो और सख्त कारवाई की जाएगी।

शिवकुटीमें ई-रिक्शा चालककी हादसेमें मौत

प्रतापगढ़का रहने वाला था रमेश, पिताकी तहरीरपर केस दर्ज

शिवकुटी थाना क्षेत्र स्थित वीर अब्दुल हमीद गेट के पास गुरुवार भोर अज्ञात वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा चालक ४० वर्षीय रमेश सरोज की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची शिवकुटी पुलिस मृतक के परिजनों को सूचित कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच कर रही है।

मूलरूप से प्रतापगढ़ के मांधाता क्षेत्र के बुजहा गांव निवासी रमेश शिवकुटी क्षेत्र में रहकर ई-रिक्शा चलाता था। गुरुवार भोर में वह फाफामऊ से सवारी लेकर शिवकुटी आ रहा था।

वीर अब्दुल हमीद गेट के पास पीछे से आए किसी वाहन ने उसके ई-रिक्शे में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह छिटककर सड़क पर गिरा और गंभीर चोर आने से मौत हो गई। रिक्शे पर सवार व्यक्ति को मामूली चोट आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनो को सूचित कर आगे की कारवाई की। युवक की मौत की जानकारी होने पर उसके परिजनों में कोहराम मच गया। रमेश का बड़ा भाई सुरेश भी शहर में रहकर ई-रिक्शा चलाता है। परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और एक बेटी हैं। रमेश के पिता प्यारे लाल सरोज गरीब बच्चों के लिए स्कूल चलाते हैं। शिवकुटी थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि हादसे में एक ई-रिक्शा चालक की मौत हुई है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी कैमरों की मदद से अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

जगतगुरु रामभद्राचार्यके खिलाफ मानहानिका मामला दाखिल

(विधि संवाददाता)

तुलसी पीठाधीश्वर जगद्?गुरु रामभद्राचार्य की ओर से ब्राह्मण समाज की कुछ उपजातियों को लेकर दिए गए बयान के मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू हो गई है। प्रयागराज की मजिस्ट्रेट अदालत कक्ष संख्या-८ ने मामले में केस रजिस्टर कर विपक्षी को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। मामला स्वामी रामभद्राचार्य के एक वायरल वीडियो से जुड़ा है। वीडियो में उन्होंने ब्राह्मण समाज की कुछ उपजातियों का जिक्र करते हुए टिप्पणी की थी। बताया गया कि उन्होंने उपाध्याय, पाठक, चौबे, त्रिगुणायक और दीक्षित जैसी उपजातियों को लेकर कहा था कि ब्राह्मण समाज इन उपजातियों में अपन बेटियों की शादी नहीं करता। बयान सामने आने के बाद खाई करछना प्रयागराज निवासी सुरेश चंद्र उपाध्याय ने इस पर आपत्ति जताई। उनका आरोप है कि इस तरह की टिप्पणी से उनके समाज और समुदाय की भावनाएं आहत हुईं और मानहानि हुई। सुरेश चंद्र उपाध्याय की ओर से पहले पुलिस और अन्य कानूनी मंचों पर कार्रवाई का प्रयास किया गया। इसके बाद वह अदालत मे परिवाद दाखिल कर मांग किया कि विपक्षी को तलब कर दंडित किया जावे। अदालत ने परिवाद को रजिस्टर करने एवं विपक्षी को नोटिस भेजने का आदेश दिया। मामले में अगली सुनवाई १२ अक्टूबर २०२६ को होगी। स्वामी रामभद्राचार्य रामानंद संप्रदाय के वर्तमान चार जगद्गुरु रामानंदाचार्य में से एक हैं और १९८८ से इस पद पर हैं।

बीएसएनएल संचार तंत्रकी मजबूत रीढ़ बनकर उभरा है-महाप्रबंधक

धूमधामसे मनाया गया बीएसएनएल का २६वां स्थापना दिवस

देश की प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) का २६वां स्थापना दिवस बुधवार को प्रयागराज स्थित महाप्रबन्धक कार्यालय में अत्यंत हर्षोल्लास से मनाया। १ अक्टूबर २००० को अस्तित्व में आने के बाद से बीएसएनएल ने राष्ट्र के कोने-कोने, विशेष रूप से ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों को दूरसंचार नेटवर्क से



जोड़ने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए महाप्रबंधक अशोक कुमार सिंह ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्थापना दिवस की बधाई दी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बीएसएनएल विगत २६ वर्षों में देश के संचार तंत्र की मजबूत रीढ़ बनकर उभरा है। संकट या प्राकृतिक आपदा के समय भी बीएसएनएल की सेवाएं सदैव तत्पर और विश्वसनीय रही हैं। उन्होंने प्रयागराज और कौशांबी जिले में नेटवर्क सुदृढ़ीकरण, स्वदेशी ४-जी विस्तार और उपभोक्ताओं को निर्बाध व त्वरित सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता दोहराई। योगेश त्रिपाठी उप महाप्रबंधक ने भी समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर आयोजित संवाद सत्र में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया तथा अपने विचार रखे। कार्मिकों ने संगठन के विकास, कार्यसंस्कृति में सुधार, तकनीक के बेहतर उपयोग तथा ग्राहक संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के संबंध में उपयोगी सुझाव साझा किए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एकजुट होकर आधुनिक तकनीक को अपनाने, सेवा गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को साकार करने की शपथ ली। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

११ लाख रुपये मांगनेपर जानसे मारनेकी धमकी

जमीन का सौदा रद होने के बाद ११ लाख रुपये वापस मांगना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। आरोप है कि रकम मांगने पहुंचे दारागंज निवासी कृष्ण बहादुर सिंह को महिला और उसके पति ने न केवल रुपये देने से इनकार किया, बल्कि फर्जी मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी भी दी। जार्जटाउन पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

कृष्ण बहादुर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि २० जून २०२२ को जार्जटाउन क्षेत्र निवासी अंकिता सिंह से जवाहर लाल नेहरू रोड स्थित भवन व भूमि का सौदा १५ लाख रुपये में तय किया था। करार के समय दो चेकों के जरिए १० लाख रुपये दिए गए थे। शेष पांच लाख रुपये बैनामा के समय देने थे। किन्हीं कारणों से बैनामा नहीं हो सका तो उन्होंने अपनी रकम वापस मांगी। आरोप है कि महिला ने पांच मार्च २०२४ को १० लाख रुपये के दो चेक दिए और कहा कि जरूरत पड़ने पर ही उन्हें बैंक में लगाएं। शिकायतकर्ता के मुताबिक, महिला ने रकम की व्यवस्था होने तक भुगतान करने का भरोसा दिया और कुछ राशि हर्जाने के रूप में भी दी।तीन मई २०२६ को सुबह कृष्ण बहादुर सिंह महिला के घर पहुंचे और ११ लाख रुपये की चेक राशि मांगी। आरोप है कि महिला और उसके पति ने अभद्रता करते हुए रकम देने से इनकार कर दिया। दबाव बनाने पर फर्जी मुकदमे में फंसाकर जीवन बर्बाद करने और दोबारा घर आने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। जार्जटाउन पुलिस पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गयी है।